कक्षा – 7 हिन्दी

पाठ – 5 "स्वामी विवेकानन्द"

प्रश्न संख्या – 2

क. स्वामी विवेकानन्द का जन्म कब हुआ?

उत्तर स्वामी विवेकानन्द का जन्म 1863 ईस्वी में हुआ था।

ख. विवेकानन्द जी के बचपन का क्या नाम था?

उत्तर स्वामी विवेकानन्द के बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ था।

ग. स्वामी विवेकानन्द रामकृष्ण परमहंस की मंडली में किस प्रकार सम्मिलित हुए?

उत्तर स्वामी विवेकानन्द रामकृष्ण परमहंस की मंडली में उनके उपदेशों से प्रभावित होकर सम्मिलित हुए।

प्रश्न संख्या – 3

क. स्वामी विवेकानन्द जी ने गुरूदेव के प्रथम दर्शन का वर्णन किस प्रकार किया है?

उत्तर स्वामी विवेकानन्द जी गुरूदेव के प्रथम दर्शन का वर्णन इस प्रकार किया है कि उनकी बोली और व्यवहार बिल्कुल सरल था। वे बिल्कुल साधारण आदमी जैसे दिखते थे। एक नजर में कोई कह नहीं सकता था कि वे कोई सिद्ध पुरूष होंगे।

ख. स्वामी विवेकानन्द जी की माता जी क्या चाहतीं थीं?

उत्तर स्वामी विवेकानन्द की माता जी यह चाहतीं थीं कि उनका लड़का वकील बने। अच्छे घर में उनका विवाह हो और दुनिया की सारी सुख–सुविधाएँ उनके कदम चूमे।

ग. आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति के लिए स्वामी जी को क्या–क्या कष्ट सहन करने पड़े थे?

उत्तर आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति के लिए स्वामी जी को बहुत सारे कष्ट झेलने पड़े और उन्होंने खुशी पूर्वक इन कष्टों को सहा। उन्हें कभी कभी दो–दो तीन–तीन दिनों तक भोजन नहीं मिलता था। अक्सर ऐसे स्थानों पर नंगे बदन सोना पड़ता था जहाँ भीषण सर्दी पड़ती थी। कभी–कभी हिंसक शिकारी जानवरों से भी सामना हो जाता था।

घ. स्वामी जी ने विदेशियों पर कैसा प्रभाव डाला?

उत्तर स्वामी जी ने विदेशियों पर यह प्रभाव डाला कि उनसे मिलने आए प्रोफेसरों और विद्वानों ने उनका शिष्यत्व ग्रहण कर लिया और जिज्ञासु भक्तों की संख्या दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ने लगी। विदेशियों ने वेद और वेदांतों के अध्ययन में अपनी भरपूर रूचि दिखायी।

ङ. स्वामी जी का स्वभाव एवं व्यवहार कैसा था?

उत्तर – स्वामी जी का स्वभाव और व्यवहार अति सरल और अति विनम्र था। कठोर बात शायद ही उनकी जुबान से कभी फिसली हो। उनके चेहरे पर जितना आत्म–तेज का आभामंडल था उतना ही उनके स्वभाव में सरलता थी।

प्रश्न संख्या – 4 "मूल्यपरक प्रश्न"

क. स्वामी जी की अमेरिका यात्रा को इतिहास की अमर घटना क्यों कहा गया है?

उत्तर – स्वामी विवेकानन्द की अमेरिका यात्रा को इतिहास की अमर घटना इसलिए कहा गया है कि पहली बार पश्चिमी देशों में भारतीय सभ्यता और संस्कृति और वेद–वेदान्तों के ज्ञान का परचम लहराया था। स्वामी विवेकानन्द ने अपने ओजस्वी भाषण से भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को प्रभावपूर्ण ढंग से पूरी दुनिया के सामने रखा था।

प्रश्न संख्या – 5

क. बचपन से ही स्वामी विवेकानन्द के अंदर किस बात की प्रबल भूख थी?

★ नवजागरण की

★ लड़ाई की

★ आध्यात्मिकता की

उत्तर आध्यात्मिकता की

ख. स्वामी जी अमेरिका में कितने वर्ष रहे?

★ तीन

★ चार

★ पाँच

उत्तर तीन

ग. सर्व धर्म सम्मेलन कहाँ हो रहा था?

★ अमृतसर में

★ मध्य प्रदेश

★ शिकागो में

उत्तर शिकागो में

घ. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थीं?

★ रामानंद ने

★ स्वामी विवेकानन्द ने

★ रामकृष्ण परमहंस ने

उत्तर स्वामी विवेकानन्द ने

प्रश्न संख्या 6

निम्नलिखित कथनों के आगे सत्य या असत्य लिखिए –

क.	स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म सन् 1863 में हुआ।	(सत्य)
ख.	नवयुवक नरेंद्र नाथ ने स्वामी विवेकानन्द जी के सत्संग से लाभ नहीं उठाया।	(असत्य)
ग.	अमेरिका में स्वामी जी के भक्तों की संख्या दिनोंदिन बढ़ने लगी।	(सत्य)
घ.	स्वामी जी अमेरिका में करीब 6 साल रहे और वेदांत पर प्रचार कर रहे।	(असत्य)
ङ.	स्वामी जी का रूप बड़ा सुंदर और भव्य था।	(सत्य)

"भाषा ज्ञान"

1. दिए गए शब्दों में संधि कीजिए विवेक + आनंद – विवेकानन्द

नर + इंद्र – नरेन्द्र

वेद + उपदेश – वेदोपदेश

महा + उदय – महोदय

वेद + अंत – वेदान्त

हिम + आलय – हिमालय

परि + ईक्षा – परीक्षा

गुरु + उपदेश – गुरुपदेश

2. निम्न शब्दों की शुद्ध वर्तनी पर सही का चिन्ह लगाइए।

★ नमस्कार ★ नमश्कार

★ नमोस्कार ★ नमष्कार

उत्तर नमस्कार

★ पूज्यनीय ★ पूजनीय

★ पुजनीय ★ पूज्यनिय

उत्तर पुजनीय

★ सन्यासी ★ संयासी

★ संन्यासी ★ सन्यासि

उत्तर सन्यासी

★ अतिथि ★ अतिथी

★ अतीथी ★ अतीथि

उत्तर अतिथि

★	आलौकिक	★	अलौकिक
★	अलोकिक	★	आलोकिक
उत्तर	अलौकिक		

3. निम्नलिखित शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए –

प्रकृति + इक	–	प्राकृतिक
सप्ताह + इक	–	साप्ताहिक
उद्योग + इक	–	औद्योगिक
इतिहास + इक	–	ऐतिहासिक
विज्ञान + इक	–	वैज्ञानिक
परिवार + इक	–	पारिवारिक
समाज + इक	–	सामाजिक
नीति + इक	–	नैतिक
मुख + इक	–	मौखिक
मूल + इक	–	मौलिक

4. दिए गए पर्यायवाची शब्दों को स्वयं याद कीजिए –

5. अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए –

1.	अच्छा आचरण करने वाला	–	सदाचारी
2.	जिस पर विश्वास किया जा सके	–	विश्वसनीय
3.	सबको समान रूप से देखने वाला	–	समदर्शी
4.	धर्म में निष्ठा रखने वाला	–	धर्मनिष्ठ
5.	जी मीठा बोले	–	मधुर भाषी

6.

1.	अंगारे उगलना	–	क्रोध में कुछ से कुछ बोलना
2.	आँखों में धूल झोंकना	–	धोखा देना
3.	आपे से बाहर होना	–	अत्यंत क्रोधित होना
4.	दाल में काला होना	–	शक और संदेह होना
5.	नौ दो ग्यारह होना	–	भाग जाना (वाक्य अपने से बनाइए)

7. पाठ में आए हुए अंग्रेजी भाषा के तीन शब्द लिखिए।

1. बी. ए.
2. सितंबर
3. .... (अंग्रेजी भाषा का यह तीसरा शब्द स्वयं खोज कर लिखिए।)